नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्या

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित सरकारी दुकानों (कैंटीन, स्टेशनरी/जनरल स्टोर तथा फोटोस्टेट शॉप) के ठेकों की नीलामी करवाये जाने हेतु नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्या दिनांकित 08.03.2022 पर पारित माननीय महोदया के आदेश दिनांकित 10.03.2022 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2022 को सायं 04.00 बजे नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, झाँसी में खुली बोली के माध्यम से करवाई गयी, जिसमे न्यायालय परिसर स्थित 02 दुकानों (1) कैंटीन एवं (2) स्टेशनरी/जनरल स्टोर की नीलामी हो चुकी है, परन्तु उक्त समय **न्यायालय परिसर स्थित फोटोस्टेट दुकान की नीलामी हेतु किसी भी बोलीकर्ता द्वारा प्रतिभाग न लेने के कारण फोटोस्टेट दुकान की नीलामी नहीं हो पाई है।** तत्पश्चात उक्त सम्बन्ध में नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्या पर पारित माननीय महोदया के आदेश दिनांकित 26.05.2022 के अनुपालन में उक्त फोटोस्टेट दुकान, जनपद न्यायालय, झाँसी की नीलामी हेतु पाँचवी बार पुनः कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

तत्क्रम में **नीलामी समिति द्वारा दिनांक 14.06.2022 को जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित उक्त फोटोस्टेट दुकान की पुनः नीलामी किये जाने हेतु तिथि प्रस्तावित है,** जिसकी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाना, कलेक्ट्रेट व कार्यालय सूचना अधिकारी, झाँसी तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराया जाना भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही उक्त नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, झाँसी की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाना प्रस्तावित है।

आख्या माननीय महोदया के समक्ष उचित आदेश हेतु सादर प्रस्तुत है।

District Judge
JHANSI
31-5-22

30/05/22
(सुशील कुमार- चतुर्थ)
सदस्य- नीलामी समिति/
प्रभारी अधिकारी, नजारत,
अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-8,
झांसी।

30-05-2022
(नितेंद्र कुमार)
सदस्य - नीलामी समिति/
नोडल अधिकारी, कंप्यूटर,
अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-9,
झांसी।

30/05/22
(विकास नागर)
अध्यक्ष- नीलामी समिति/
प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय,
अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-3,
झांसी।